ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, सोमवार 10 मार्च 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 358

64 साल बाद रमजान के जुमा पर होली: योगी बोले- नमाज पढ़ने मस्जिद जाना जरूरी नहीं, घर से निकलें तो रंग से परहेज न करें





'होली साल में एक बार पड़ती है, जुमे की नमाज तो हर सप्ताह पड़नी है। स्थगित भी हो सकती है। अगर कोई व्यक्ति नमाज पढ़ना ही चाहता है तो अपने घर में पढ़ सकता है। जरूरी नहीं कि वह मस्जिद में ही जाए। जाना है तो रंग से परहेज न करें।'

सीएम योगी आदित्यनाथ का यह बयान संभल के सीओ अनुज चौधरी के बयान के बाद रविवार को आया। अनुज चौधरी ने कहा था- अगर रंग से परहेज है तो नमाज घर में ही पढ़ लेना। दरअसल, इस बार 64 साल के बाद होली रमजान के जुमे के दिन मनाई जाएगी। इसलिए होली और नमाज से जुड़े बयान चर्चा में हैं।

1961 के बाद पहली बार रमजान के जुमे पर होली

14 मार्च को होली है, इस दिन रंग खेला जाएगा। इस दिन शुक्रवार भी है। रमजान का महीना चल रहा है। इससे पहले 1961 में 4 मार्च शुक्रवार को होली और रमजान का शुक्रवार (जुमा) साथ-साथ था।

1961 में किसी तरह के तनाव या दंगे-फसाद का रिकॉर्ड नहीं मिलता है। मुस्लिमों में शुक्रवार की अहमियत आम दिनों के मुकाबले ज्यादा होती है। शुक्रवार जब रमजान महीने का हो, तो उनके लिए इसका महत्व और बढ़ जाता है। इस दिन होली भी है और रंग खेला जाएगा इसलिए पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर है।


2022 में कानपुर और लखनऊ में बवाल हुआ था

2022 में होली शुक्रवार को ही थी। हालांकि तब रमजान का महीना नहीं था। उस समय कानपुर और लखनऊ में बवाल हुआ था। कानपुर में जुलूस के दौरान धार्मिक गीत बजाने को लेकर दो समुदायों में झड़प हुई थी।

पथराव, तोड़फोड़ और पुलिस पर हमले की घटनाएं सामने आई थीं। कई इलाकों में इंटरनेट बंद करना पड़ा था। इसी तरह लखनऊ में भी कुछ क्षेत्रों में छोटी-मोटी झड़पें हुई थीं।

2022 में विधानसभा चुनाव भी हुआ था। चुनाव के लिए यूपी को केंद्र से मिली फोर्स को होली तक रोक लिया गया था इसलिए हालात पर जल्दी काबू पा लिया गया।

एक ही वाहन से 'हिट एंड रन' मामले के चार-चार क्लेम, सुप्रीम कोर्ट ने दिए SIT जांच के आदेश



नई दिल्लीः उच्चतम न्यायालय ने एक बीमा कंपनी के दावे की जांच का आदेश दिया है, जिसमें कहा गया है कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत मुआवजा पाने के लिए एक ही वाहन को कई दुर्घटनाओं में दिखाकर धोखाधड़ी की जा रही है. सर्वोच्च न्यायालय ने यह आदेश उड़ीसा उच्च न्यायालय के 19 मई, 2022 के फैसले के खिलाफ ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी की याचिका पर पारित किया. मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने की.

उड़ीसा हाईकोर्ट का क्या था आदेशः ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर उड़ीसा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी है, जिसके तहत प्रतिवादी-दावेदारों को 19 अक्टूबर, 2017 को हुई एक दुर्घटना के लिए दावा आवेदन दाखिल करने की तिथि से 7% प्रति वर्ष ब्याज के साथ 40,42,162 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया गया था. सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी के अधिवक्ता एच. चंद्रशेखर ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष दलील दी कि जिस वाहन के बारे में कहा जा रहा है कि वह दुर्घटना में शामिल है, वह वाहन नहीं है और यह एक प्रत्यारोपित वाहन है.

बीमा कंपनी के वकील की दलीलः वकील ने पीठ के समक्ष तर्क दिया कि मृतक के भाई जो कि सूचक भी है, ने शुरू में कहा था कि एक अज्ञात वाहन ने उसके भाई को टक्कर मारी थी. लेकिन दो दिन बाद जब एफआईआर दर्ज की गई, तो वाहन का नंबर बिना किसी उचित कारण के बता दिया गया. पीठ ने 6 मार्च को पारित आदेश में कहा कि बीमा कंपनी के वकील ने जो कागजात प्रस्तुत किया कि एक वर्ष के भीतर वह वाहन चार अन्य दावों में शामिल था, स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि दुर्घटना में शामिल उक्त वाहन का इस्तेमाल दुर्भावनापूर्ण इरादे से किया गया था. पीठ ने इसे सिस्टम के साथ धोखाधड़ी बताया.

दलीलें सुनने के बाद, पीठ ने क्या कहाः

"हम पाते हैं कि हमारे पास किसी भी तरह से निर्णय लेने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है, लेकिन जब बीमा पॉलिसियों का दुरुपयोग किए जाने से संबंधित एक बड़ा मुद्दा शामिल होता है और बीमा कंपनियों को दावेदारों को भारी मात्रा में मुआवजा देने की आवश्यकता होती है, तो यह आवश्यक हो जाता है कि दावा वास्तविक तथ्यात्मक आधार पर आधारित हो."

नई शिक्षा नीति पर फिर भड़के डीएमके सांसद, मंत्री बोले- राजनीति करने के लिए जता रहे विरोध



नई दिल्ली : नई शिक्षा नीति को लेकर लोकसभा में जोरदार हंगामा हुआ. डीएमके सदस्यों ने सरकार पर जबरन शिक्षा नीति थोपने के आरोप लगाए, जबकि सरकार ने इसका विरोध किया. केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि डीएमके भाषा पर विवाद पैदा करती है और वह एक अलोकतांत्रिक पार्टी है. उन्होंने डीएमके को 'बेईमान' और 'असभ्य' पार्टी बताया. हालांकि, बाद में स्पीकर ने इन शब्दों को कार्यवाही से हटा दिया.

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि अगर मेरे किसी शब्दों से डीएमके सदस्यों की भावना को ठेस पहुंची है, तो वह अपना शब्द वापस लेते हैं. हालांकि, डीएमके सदस्यों ने इस विषय पर हंगामा जारी रखा. वे लगातार तीन भाषा फॉर्मूला का विरोध करते रहे. उन्होंने वॉकआउट भी किया. राज्यसभा में भी उनके सदस्यों ने इस विषय पर भारी विरोध जताया. शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि जब इस एनईपी पर बैठक चल रही थी, डीएमके सदस्य इस पर तैयार थे, उन्हें कुछ मुद्दों पर आपत्ति थी. धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि डीएमक ने अब संसद में अपना रूख बदल लिया है और वे ऐसा राजनीति के तहत कर रहे हैं. भाजपा सांसद निशिकांत दूबे ने कहा कि जब भी डीएमके सरकार को लगता है कि उनकी लोकप्रियता कम हो गई है या फिर जब भी उन्हें हारने का भय सताता है, वे कुछ न कुछ नया राग छेड़ देते हैं. शिक्षा मंत्री ने कहा कि डीएमके एनईपी पर राजनीति कर रही है, वह छात्रों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रही है. आपको बता दें कि विवाद की शुरुआत उस समय हुई, जब डीएमके सांसद टी सुमति के सप्लीमेंट्री सवाल पर शिक्षा मंत्री जवाब दे रहे थे.

कनिमोझी ने भेजा विशेषाधिकार हनन का नोटिस

डीएमके सांसद कनिमोझी ने पूरे मुद्दे पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है. उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री ने तीन भाषा पर जो भी बयान दिए हैं, उससे डीएमके आहत हुआ है.

न्यूयॉर्क जाने वाली एयर इंडिया फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी. इसके बाद अधिकारियों ने तत्काल विमान को मुंबई वापस लौटने का निर्देश दिया. 320 से अधिक लोगों को लेकर जा रहा यह विमान सुरक्षित रूप से मुम्बई में उतार लिया गया. सुरक्षा एजेंसियों द्वारा इसकी अनिवार्य जांच की जा रही है. इस दौरान एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मची थी.

क्या कहा एयर इंडिया के अधिकारीः एयर इंडिया ने एक बयान में कहा, "आज 10 मार्च 2025 को मुंबई-न्यूयॉर्क (जेएफके) उड़ान भरने वाली एआई 119 में उड़ान के दौरान एक संभावित सुरक्षा खतरे का पता चला. आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करने के बाद, विमान में सवार सभी लोगों की सुरक्षा के हित में विमान को वापस मुंबई ले जाया गया."

हाई कोर्ट का पुलिस और मेडिकल प्रोफेशनल्स को निर्देश, यौन अपराध केस में पीड़िता की पहचान प्रोटेक्ट करें

जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट ने एक क्रिमिनल अपील में मुख्य दस्तावेजों से अभियोक्ता का नाम तत्काल हटाने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने यौन अपराध मामलों में पीड़ितों की पहचान की रक्षा करने वाले कानूनी प्रावधानों के सख्त अनुपालन की आवश्यकता पर बल देते हुए निर्देश जारी किए. जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस पुनीत गुप्ता की खंडपीठ ने फाजिल सलीम भट बनाम केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के मामले में यह आदेश जारी किया, जिसमें अपील ज्ञापन के कई पन्नों में अभियोक्ता के नाम के अनजाने में प्रकटीकरण के बारे में चिंता व्यक्त की गई थी.वर्तमान में सुनवाई के अधीन याचिका भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (POCSO) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दायर आरोपों से संबंधित है.

कार्यवाही के दौरान केंद्र शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने बताया कि आरोप पत्र के अनुवादों में कुछ खास पन्नों पर अभियोक्ता का पूरा नाम था, जो स्थापित कानूनी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है. अदालत ने इस चिंता को स्वीकार किया और तुरंत अदालत कार्यालय को केस फाइल की फिजिकल और डिजिटल दोनों कॉपी से नाम हटाने का निर्देश दिया. प्रभावित पन्नों में अपील ज्ञापन के पृष्ठ 57, 63, 69, 79, 97 और 109 शामिल हैं.

अदालत ने कहा, "इन परिस्थितियों में कार्यालय से अनुरोध है कि वह अभियोक्ता का नाम उपरोक्त पन्नों से तत्काल हटाए और अदालत की डिजिटल कॉपी में भी आवश्यक परिवर्तन करे. कार्यालय को ऊपर बताए गए पन्नों के अलावा केंद्र शासित प्रदेश के विद्वान वकील द्वारा दिए गए अन्य अतिरिक्त पन्नों को भी ध्यान में रखना चाहिए और अगर अभियोक्ता का नाम उन पन्नों में उल्लेखित है, तो उसे फिजिकल और डिजिटल फाइल से भी हटा देना चाहिए." कोर्ट ने आगे कहा कि मौजूदा कानूनी सुरक्षा के अनुपालन में अभियोक्ता का नाम किसी भी अदालती दस्तावेज में नहीं दिखना चाहिए. आदेश में कहा गया है कि रजिस्ट्री को बिना देरी किए आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया जाता है.

मामले से परे कोर्ट ने यौन अपराधों से जुड़े मामलों में गोपनीयता बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला. कोर्ट ने पुलिस, फोरेंसिक लैब और चिकित्सा पेशेवरों सहित राज्य अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए, यह सुनिश्चित किया कि वे किसी भी आधिकारिक दस्तावेज में पीड़ितों की पहचान का खुलासा न करें।

फरवरी में घरेलू वेज थाली की कीमत 1% घटी: टमाटर-LPG के दाम घटने का असर; नॉन-वेज थाली सालाना आधार पर 6% महंगी



24 न्यूज अपडेट

भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत फरवरी में (सालाना आधार पर) 1% घटकर 27.2 रुपए हो गई। पिछले साल फरवरी 2024 में वेज थाली की कीमत 27.5 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी।

क्रिसिल ने अपनी 'RRR:राइस रोटी रेट' रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत जनवरी की तुलना में फरवरी में 5% घटी है। जनवरी में वेज थाली की कीमत 28.7 रुपए थी।

नॉन-वेज थाली 6% महंगी

वहीं नॉन-वेज थाली की कीमत फरवरी में सालाना आधार पर 6% बढ़कर 57.4 रुपए हो गई। पिछले साल फरवरी 2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 54 रुपए थी।

मंथली बेसिस पर यानी जनवरी की तुलना में फरवरी में नॉन-वेज थाली की कीमत 5% घटी है। जनवरी में नॉन-वेज थाली की कीमत 60.6 रुपए थी।

जिरोधा फंड हाउस ने सिल्वर ETF का NFO लॉन्च किया: 18 मार्च तक कर सकते हैं अप्लाई, मिनिमम इन्वेस्टमेंट 1,000




24 न्यूज अपडेट

जिरोधा फंड हाउस का नया 'सिल्वर ETF' आज से सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हो गया है। इस NFO यानी न्यू फंड ऑफर के लिए इन्वेस्टर्स 18 मार्च तक अप्लाई कर सकेंगे। कंपनी इस NFO से जुटाए गए फंड का 90-100% निवेश चांदी और उससे जुड़े इंस्ट्रूमेंट्स में करेगी। बची हुई रकम को डेट और मनी मार्केट में निवेश कर सकती है। यह फंड चांदी की घरेलू कीमतों को फॉलो करेगा। इस फंड का उद्देश्य लॉन्ग टर्म में वेल्थ क्रिएशन है।

मिनिमम 1,000 से इस NFO के लिए कर सकते हैं अप्लाई

जिरोधा फंड हाउस सिल्वर ETF के NFO में मिनिमम 1,000 रुपए निवेश कर सकते हैं। ETF की शुरुआती नेट एसेट वैल्यू यानी (NAV) 10 रुपए प्रति यूनिट होगी। निवेशक जिरोधा कॉइन और CAMS से इस NFO में अप्लाई कर सकते हैं।

रुपया रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर: डॉलर के मुकाबले 38 पैसे गिरकर 87.33 पर आया, विदेशी वस्तुएं महंगी होंगी



24 न्यूज अपडेट

रुपया आज यानी 10 मार्च को अपने रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आ गया है। इसमें अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 38 पैसे की गिरावट है और यह 87.33 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर आ गया है। ये मार्च महीने में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे मजबूत होकर 86.95 पर बंद हुआ था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, रुपए में इस गिरावट की वजह हाल ही में भारतीय शेयर मार्केट में विदेशी निवेशकों के जरिए की जा रही बिकवाली है। इसके अलावा जिओ पॉलिटिकल टेंशन्स कारण भी रुपए पर नेगेटिव असर पड़ा है।

इंपोर्ट करना होगा महंगा- रुपए में गिरावट का मतलब है कि भारत के लिए चीजों का इंपोर्ट महंगा होना है। इसके अलावा विदेश में घूमना और पढ़ना भी महंगा हो गया है। मान लीजिए कि जब डॉलर के मुकाबले रुपए की वैल्यू 50 थी तब अमेरिका में भारतीय छात्रों को 50 रुपए में 1 डॉलर मिल जाते थे। अब 1 डॉलर के लिए छात्रों को 86.31 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इससे फीस से लेकर रहना और खाना और अन्य चीजें महंगी हो जाएंगी।

संपादकीय : दहशतगर्दी का दंश

भारत लंबे समय से कहता आ रहा है कि पाकिस्तान दहशतगर्दी की सुरक्षित पनाहगाह बन चुका है, मगर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसे गंभीरता से कभी नहीं लिया गया। जबकि इस हकीकत से सभी वाकिफ है कि पाकिस्तान में आतंकी संगठनों की सक्रियता न केवल भारत के लिए, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों के लिए भी खतरा है। अब तो पाकिस्तान को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अतीत में चीन जैसे कुछ देश पाकिस्तान की आतंकवादियों को शह देने की नीति को नजरअंदाज करते रहे हैं। आतंकवाद के मसले पर चीन कई बार संयुक्त राष्ट्र में अपने विशेषाधिकार का उपयोग कर पाकिस्तान को बचा चुका है। अब वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के ताजा आंकड़ों से यह तथ्य उजागर हुआ है कि पाकिस्तान को अपने किए का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वह अब दुनिया का सबसे अधिक आतंकवाद प्रभावित देश बन गया है। वहां दहशतगर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले वर्ष पाकिस्तान में आतंकी हमलों में होने वाली मौतों में पैंतालीस फीसद की बढ़त दर्ज की गई। इसी तरह वहां हुए आतंकी हमलों की संख्या भी वर्ष 2023 के 517 की तुलना में 2024 में बढ़ कर 1,099 हो गई। पाकिस्तान लंबे समय से दावा करता रहा है कि प्रतिबंधित तहरीके-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकी संगठन अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन हालात में भी भारत के खिलाफ अपनी करतूतों से पाकिस्तान बाज नहीं आ रहा है। वह भारत के खिलाफ दहशतगर्दी का इस्तेमाल हथियार की तरह किए जा रहा है। जो गतिविधियां वह भारत के खिलाफ चलाता है और उसमें वहां की सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ तक शरीक देखी जाती हैं, वैसी ही वह अपने बलूचिस्तान क्षेत्र में चल रही गतिविधियों से त्रस्त है। पिछले हफ्ते बलुचिस्तान क्षेत्र में सक्रिय सभी विद्रोही गुटों ने हाथ मिला लिया और उन्होंने पाकिस्तान और चीन के खिलाफ युद्ध छेड़ने का एलान कर दिया। बलूचिस्तान क्षेत्र में चल रही चीन की विकास परियोजनाओं का विरोध वे लंबे समय से करते रहे हैं, मगर पाकिस्तान सरकार और सेना उन्हें हथियार के बल पर दबाने का प्रयास करती रही हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि वहां आतंकी गतिविधियां काफी जोर पकड़ चुकी हैं। उन हमलों में कई चीनी नागरिक भी मारे जा चुके हैं। पर पाकिस्तान ने दहशतगर्दी के खिलाफ कोई मुकम्मल नीति नहीं बनाई है जब से अफगानिस्तान में तालिबान का शासन हुआ है, पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी गतिविधियां चलाने वाले संगठनों को वहां से पनाह और इमदाद मिलने लगी है। इससे पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पाकिस्तान लंबे समय से समस्याओं से पार पाने की जद्दोजहद कर रहा है। वहां महंगाई चरम पर है। अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है। शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त है। हालत यह है कि कई बार वहां के लोग आटे-दाल के लिए संघर्ष पर उतर आए। फिर भी पाकिस्तानी हुकूमत का जोर तरक्की के बजाय चीन से मिलने वाली इमदाद और उसके जरिए भारत पर दबाव बनाए रखने का अधिक है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के आंकड़ों से जाहिर है कि पाकिस्तान में स्थितियां दिनों-दिन गंभीर होती जा रही हैं व अगर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने मिल कर इसका कोई हल निकालने की कोशिश नहीं की, तो पाकिस्तान में पल रहे दहशतगर्द न केवल भारत और पाकिस्तान के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। इसके नतीजे पहले कई जगह देखे जा चुके हैं जिसमे सबसे बड़ा हमला अमेरिका के विश्व व्यापार संगठन के दफ्तर पर हुआ था।

मोटापे का मर्ज

भारत में जिस तरह लोगों की जीवन शैली बदली है, उसके दुष्परिणाम अब सामने आने लगे हैं। मोटापा उनमें से एक है। इस समस्या ने बड़ी संख्या में लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। शहरों में रहने वाली लगभग एक तिहाई आबादी मोटापे की शिकार है। इसे अब महज वजन बढ़ने के रूप में नहीं लिया जा सकता। मोटापे की वजह से जिस तरह हृदयरोग, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं, वह चिंता का विषय हैं। इसने कैंसर के जोखिम तक को बढ़ा दिया है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में भारत में मोटापे की दर लगभग दोगुनी हो गई है। यह किस कदर जानलेवा हो सकता है इसे लेकर प्रधानमंत्री ने जो चिंता जताई है, उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। उन्होंने देश के नागरिकों को आगाह किया है कि वर्ष 2050 तक चौवालीस करोड़ से अधिक भारतीय मोटापे से ग्रस्त हो जाएंगे। निस्संदेह यह आंकड़ा डरावना है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि अब बच्चे भी मोटापे का शिकार हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट के मुताबिक बचपन और किशोरावस्था में मोटापा भविष्य में उनके जीवन की गुणवत्ता और जीवन प्रत्याशा को कमजोर कर देता है। यह कितना बड़ा संकट है, इसे इस तथ्य से समझा जा सकता है कि आने वाले समय में हर परिवार में कोई एक मोटापे से ग्रस्त होगा। ऐसी स्थिति को टालने के लिए ही प्रधानमंत्री नागरिकों को जागरूक करना चाहते हैं। आज मोटापे की वजह से न केवल युवा, बल्कि सभी उम्र के लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं, तो इसके मूल कारणों को समझने और सजग होने की जरूरत है। हम अपनी कुछ आदतें बदल लें, तो खुद को मोटापे से बचा सकते हैं। दरअसल, तैलीय, डिब्बाबंद भोजन तथा शारीरिक गतिविधियां कम होने से देश में मोटापे की समस्या पुरुषों और महिलाओं में समान रूप से बढ़ी है। जाहिर है कि अब यह समस्या व्यक्तिगत नहीं रह गई है। भविष्य में मोटापे के शिकार होने वालों की इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए समाज और पूरे देश के लिए विचारणीय सवाल है कि हम इस समस्या से कैसे बाहर निकलेंगे ?

दुष्कर्म की घटनाओं के विरोध में भीलवाड़ा बंद, नहीं खुली दुकानें और थड़ियां



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ाः ब्यावर जिले के बिजयनगर में नाबालिग बच्चियों के यौन शोषण व भीलवाड़ा शहर के कोतवाली व प्रतापनगर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म की घटनाओं के विरोध में सकल हिंदू समाज के आह्वान पर सोमवार को भीलवाड़ा बंद रखा गया. बंद को देखते जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए. बंद को देखते शहर में 500 पुलिसकर्मी तैनात किए गए. पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव की अगुवाई में पुलिस जाप्ता तैनात रहा. अभय कमांड सेंटर से सीसीटीवी से शहर पर नजर रखी गई. संत समाज ने मामले की सीबीआई जांच की मांग की. एसपी यादव ने कहा कि सकल हिंदू समाज ने सोमवार को भीलवाड़ा शहर बंद का आह्वान किया था. हमने मीटिंग लेकर शांतिपूर्ण बंद करने की अपील की. संवेदनशील क्षेत्र में ड्रोन से मॉनिटरिंग कर रहे हैं. अभय कमांड सेंटर से भी निगरानी कर रहे हैं. सकल हिंदू समाज के लोग शहर के श्री गेस्ट हाउस चौराहे पर एकत्र हुए. शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग रैली के रूप में सूचना केंद्र चौराहे पहुंचे व सभा की. इसे राजस्थान संत समाज के अध्यक्ष व हरी सेवा उदासीन आश्रम के महंत हंसराम ने संबोधित किया.

चाय की थड़ियां तक बंदः बंद के दौरान पेट्रोल पंप से लेकर चाय की थड़िया तक नहीं खुली. सकल हिंदू समाज ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए बंद का समर्थन करने की अपील की थी. इसके चलते सोमवार को शहर के पेट्रोल पंप, चाय की थड़ियां व निजी विद्यालय भी बंद रहे. सकल हिंदू समाज के लोग हाथों में भगवा झंडा लेकर शहर में रैली के रूप में निकले.

उदयपुर में युवक की हत्या, कुल्हाड़ी से प्राइवेट पार्ट काटाःघने जंगल में फेंकी लाश



24 न्यूज अपडेट

परिवार की महिला से अवैध संबंध के शक में 2 चचेरे भाइयों ने पत्थर से सिर कुचलकर युवक की हत्या कर दी। इसके बाद कुल्हाड़ी से उसका दायां पैर और प्राइवेट पार्ट काट डाला। शव घने जंगल में फेंक दिया। सिर इतनी बुरी तरह कुचला गया था कि पहचान करना मुश्किल था।

परिजन 10 दिन से युवक को ढूंढ रहे थे। ढूंढते-ढूंढते जंगल में पहुंचे तो वहां उन्हें कीड़े रेंगती लाश मिली। मामला उदयपुर के सायरा थाना इलाके का है। मामले में पुलिस ने सोमवार को 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

चचेरे भाइयों ने बनाया था हत्या का प्लान

SHO प्रवीण जुगतावत ने बताया- 5 मार्च को गोपाल (बदला हुआ नाम) ने अपने भाई रोहित (बदला हुआ नाम) की हत्या का मामला दर्ज करवाया था। मामले में सोमवार को अनिल (35) और आशीष (32) (बदला हुआ नाम) को गिरफ्तार किया है। दोनों युवक चचेरे भाई हैं।

पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि रोहित का अनिल और आशीष के परिवार की महिला से अवैध संबंध था। इसका पता चलने पर दोनों ने रोहित की हत्या का प्लान बनाया। हत्या के बाद दोनों उसे जंगल में फेंक गए थे। फिलहाल दोनों से पूछताछ जारी है।

दिन में मजदूरी, रात को ग्रुप बनाकर करते रेपःआरोपी बोले- कितनी नाबालिग और महिलाओं से रेप किए याद भी नहीं



आरोपी दीपक पुत्र हीरालाल | दीपक पुत्र मोहन लाल | जमनाशंकर मीना | पुष्कर मीना | प्रकाश मीना

24 न्यूज अपडेट

बिजयनगर में नाबालिग छात्राओं से दुष्कर्म और ब्लैकमेल मामले को लेकर प्रदेश खौफजदा है। तीन साल पहले जनवरी 2022 में धरियावद (प्रतापगढ़) में ऐसी ही रोंगटे खड़ी कर देने वाली वारदात सामने आई थी। इसमें कोर्ट में सुनवाई अंतिम दौर में है।

धरियावद मामले की चार्जशीट पढ़ी तो रूह कांपने लगी। 7 बदमाश पीड़िता को सुनसान इलाके में ले जाते, जहां बारी-बारी से दुष्कर्म करते और वीडियो बनाते। नाबालिग बच्ची वीडियो नहीं बनाने की प्रार्थना करती तो बदमाश मारपीट करते। हर बदमाश दो-दो बार रेप करता। एक हाईवे पर निगरानी करता, एक वीडियो बनाता, तीसरा लड़की को पकड़ता और चौथा दुष्कर्म करता। किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देते। इसी खौफ के चलते कोई महिला सामने नहीं आई। एसपी की समझाइश पर दो पीड़ितों ने एफआईआर करवाई। जब आरोपियों कहना था कि उनको याद भी नहीं कि कितनी लड़कियों से दुष्कर्म किया।

दिन में दिहाड़ी, शाम को जिम और रात में वारदात करते...

बदमाशों ने मौज मस्ती करने के लिए गैंग बनाई। दिन में कोई सब्जी की रेड़ी लगाता, कोई मजदूरी करता, शाम में जिम जाते। रात में पेट्रोल पंप के पास सुनसान इलाके में शराब पार्टी करते। महिला के साथ बाइक पर गुजरने वाले का पीछा करते। लूट की वारदात करते। महिला को सुनसान इलाके में ले जाकर दुष्कर्म करते और वीडियो बनाते। उसके बाद महिला के गांव से 2-3 किमी पहले बाइक पर छोड़कर आ जाते। 7 आरोपियों में दो सगे भाई हैं। आरोपी पुष्कर और दीपक के छोटी-छोटी बच्चियां भी हैं। अन्य आरोपियों में दीपक कीर, उमेश कीर, इरफान, प्रकाश मीना और जमना शंकर मीना है।

बयान दर्ज करते समय रो पड़ी थीं जज

अभियोजक तरुण दास बैरागी ने बताया-यह मामला केस ऑफिसर स्कीम के तहत था। एसपी के निर्देशन में एक पूरी टीम गठित की गई थी। तात्कालिक एसपी अमृता दुहान इस मामले की केस ऑफिसर थीं। पीड़ितों को गांव से लेकर कोर्ट तक पुलिस जीप में सुरक्षित लाया जाता था, ताकि उनके साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो। उन्हें पुलिस सुरक्षा भी प्रदान की गई थी।

आरोपी मोबाइल पर वीडियो बनाकर पीड़ित युवतियों को डराते-धमकाते थे और बार-बार दुष्कर्म के लिए मजबूर करते थे, ताकि वे उनके खिलाफ किसी के सामने मुंह न खोलें। जिस महिला जज के समक्ष उनके धारा 164 के तहत बयान दर्ज हुए, वह भी पीड़ितों की आपबीती सुनकर भावुक हो उठीं।

अभियोजक बोले-केस पढ़ते हुए हाथ कांपते हैं

अभियोजक बोले-आरोपियों ने पाशविकता (पशुओं जैसा व्यवहार) की हदें पार कर दीं। आज भी केस को पढ़ता हूं मेरे हाथ कांपते हैं, शब्दों में बयान नहीं कर सकता हूं। एक शरीर को नोच रहा था, दूसरा दुष्कर्म कर रहा था, तीसरा वीडियो बना रहा था। इस तरह उन्होंने पूरी घटना को अंजाम दिया। यदि कोई विरोध करता तो उसे थप्पड़ों से मारकर चुप करा दिया जाता।

ASI भर्ती परीक्षा में डमी-कैंडिडेट भेजने का झांसा दिया, गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

एएसआई भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट बनाकर परीक्षा पास करने का झांसा देने वाले मुख्य सरगना को भीलवाड़ा पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया- 14 सितंबर 2021 को भीलवाड़ा जिले में राजस्थान पुलिस उप निरीक्षक(ASI) भर्ती परीक्षा 2021 में डमी कैंडिडेट भेजने की योजना बनाते हुए पुलिस ने वीरेंद्र(26) पिता कैलाश मीणा निवासी जयपुर, खेमराज उर्फ सचिन को गिरफ्तार किया था। इस मामले का मुख्य आरोपी पिछले लंबे समय से फरार चल रहा था। मामले में जयपुर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे एक अन्य अभियुक्त ललित (25) पिता राम सहाय मीणा को 21 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

10 हजार का इनाम घोषित

ललित से मिली सूचना पर पुलिस ने मामले के मुख्य अभियुक्त जीत पहलवान उर्फ जितेंद्र फौजदार निवासी वजीराबाद नई दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस पर 10 हजार का इनाम भी घोषित किया था। इस अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने टीम का गठन किया। इस टीम ने अभियुक्त के पुश्तैनी गांव पहुंच इसके बारे में जानकारी जुटाई तो इसके दिल्ली, गुड़गांव और चंडीगढ़ में रहकर जिम ट्रेनर के रूप में काम करने की जानकारी मिली।

100 से अधिक जिम में तलाशा

टीम ने 5 दिनों तक दिल्ली में करीब 100 से अधिक जिम में पहुंचकर इसकी तलाश करने के बाद इसे डिटेन करने और पूछताछ के बाद पुलिस ने इसे गिरफ्तार किया। इसके खिलाफ जयपुर के आमेर और डीग में भर्ती परीक्षा के नाम पर ठगी के मामले दर्ज है।

बैंक मैनेजर से लूटपाटः बदमाशों ने बेरहमी से पीटा, गहने और 25 हजार रुपए छीने



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा | बांसवाड़ा के सदर थाना क्षेत्र में लूटपाट की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां अज्ञात बदमाशों ने एक्सिस बैंक के सेल्स मैनेजर को निशाना बनाकर उनके गहने और नकदी छीन ली। घटना डीटीओ कार्यालय के पास हुई, जब बैंक मैनेजर अपने काम से लौट रहे थे।

कैसे दिया वारदात को अंजाम?

जानकारी के अनुसार, सुरपुर निवासी यशपाल सिंह तंवर बैंक का कार्य निपटाकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान 5-6 बदमाशों ने उन्हें बाइकों से ओवरटेक कर रोक लिया। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, हमलावरों ने लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया।

बेरहमी से पिटाई और लूटपाट

बदमाशों ने यशपाल के मुंह में रेत भर दी और उनके साथ बर्बर तरीके से मारपीट की। इसके बाद उन्होंने उनके गले से सोने की चेन, अंगूठी और जेब में रखे 25 हजार रुपए छीन लिए। लूटपाट के बाद अपराधियों ने उनका मोबाइल भी छीन लिया और फोन स्विच ऑफ कर दिया ताकि वे किसी को तुरंत सूचना न दे सकें।

ग्रामीणों के पहुंचने पर भागे बदमाश

यशपाल की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और उनके परिजन मौके पर पहुंचे, जिससे खुद को घिरता देख बदमाश फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल यशपाल को परिजन तुरंत बांसवाड़ा अस्पताल लेकर गए, जहां उनकी हालत को देखते हुए उन्हें सागवाड़ा रेफर कर दिया गया।

पुलिस में शिकायत, जांच जारी

घटना के बाद यशपाल के चचेरे भाई दिलीप सिंह ने सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच का जिम्मा उप-निरीक्षक रामलाल को सौंप दिया है। ग्रामीणों में आक्रोश, पुलिस पर निष्क्रियता के आरोप इस वारदात से गुस्साए ग्रामीणों, बैंक कर्मियों और फाइनेंस से जुड़े लोगों ने बांसवाड़ा कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि जिले में बढ़ती लूट, चोरी और महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

एक हफ्ते में तीसरी वारदात!

ग्रामीणों के अनुसार, सदर थाना क्षेत्र में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। इसी मार्ग पर एक हफ्ते के भीतर यह तीसरी लूट की घटना है, लेकिन पुलिस द्वारा सुरक्षा के कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए हैं।

पुलिस का क्या कहना है?

सदर थाना प्रभारी बुधाराम विश्नोई का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को देखते हुए रात की गश्त बढ़ा दी गई है। जल्द ही इस मार्ग पर स्थायी पुलिस तैनाती की जाएगी ताकि इस तरह की वारदातों को रोका जा सके।

डूंगरपुर पुलिस ने 28 पावर बाइक्स जब्त कीं, होली तक चलेगी सख्त कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर में होली पर स्टंटबाजी और तेज रफ्तार से बाइक चलाने की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने बड़ा अभियान चलाया है। एसपी मोनिका सैन के निर्देश पर चलाए गए इस विशेष अभियान में धंबोला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 28 पावर बाइक्स जब्त की हैं। यह अभियान होली तक जारी रहेगा।

तेज रफ्तार और स्टंटबाजी पर विशेष नजर

धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने तेज रफ्तार और स्टंटबाजी करने वाले बाइकर्स के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत धंबोला पुलिस की अलग-अलग टीमों ने थाना क्षेत्र में कई स्थानों पर कार्रवाई की। पुलिस ने धंबोला, सीमलवाड़ा, पीठ सहित विभिन्न इलाकों में स्टंटबाजी करने वाले बाइकर्स की पहचान कर 28 पावर बाइक्स जब्त कर लीं।

होली तक चलेगा विशेष अभियान

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि एसपी के निर्देशानुसार यह अभियान होली तक जारी रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्य त्योहार के दौरान तेज गति, स्टंटबाजी और शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे होली के दौरान यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी तरह की लापरवाही से बचें। साथ ही, अभिभावकों से भी अनुरोध किया गया है कि वे अपने बच्चों को तेज रफ्तार और खतरनाक स्टंटबाजी से दूर रखें।

पर्यावरण संरक्षणः सोलर कंपनियों के राज्य वृक्ष खेजड़ी काटने के विरोध में जैसलमेर बंद, व्यापारियों ने दिया साथ



24 न्यूज अपडेट

जैसलमेरः पश्चिमी राजस्थान में सोलर कंपनियों के काटे जा रहे राज्य वृक्ष खेजड़ी के विरोध में सोमवार को जैसलमेर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया. खेजड़ी काटने के विरोध में जैसलमेर शहर ने बंद का समर्थन किया. यह पहली बार था कि व्यापारियों ने पर्यावरण संरक्षण की पहल पर स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखे.सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक शहर में लगभग सभी मुख्य बाजार व दुकानें बंद रही. अखिल भारतीय विश्नोई महासभा, अखिल भारतीय जीव रक्षा सभा, राजस्थान पर्यावरण जीव रक्षा संस्थान, पर्यावरण संघर्ष समिति खेजड़ला व जिला बिश्नोई संस्थान समेत विभिन्न पर्यावरण व वन्य जीव के संरक्षण के लिए काम कर रहे संगठनों ने जैसलमेर बंद का आह्वान किया था.

पर्यावरण प्रेमी प्रियंका विश्नोई ने कहा कि विश्नोई समाज ने सर्वसमाज के सहयोग से जैसलमेर बंद रखा. यह आंदोलन पेड़ों की कटाई के विरोध में था. पर्यावरण उर्मिला बिश्नोई ने कहा कि अधिकारियों व नेताओं को पेड़ों की अहमियत बताने व कटाई के नुकसान के बारे में जागरूक करने के लिए बंद रखा गया था.राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजना मेघवाल ने कहा कि सख्त कानून नहीं होने के कारण खेजड़ी काटी जा रही है. उन्होंने ट्री प्रोटेक्शन कानून लागू करने की मांग की.

खेजड़ी के संरक्षण व ट्री प्रोटेक्शन एक्ट की मांग लेकर जैसलमेर बंद रखा. इसमें पर्यावरण को सुरक्षित रखने और पेड़ बचाने के लिए लोग सड़कों पर उतरे. सिर पर स्लोगन लिखी टोपी, हाथों में बैनर के साथ शहर में जुलूस निकाला. इससे आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया. शहर के गड़ीसर चौराहे से कलक्ट्रेट तक शांतिपूर्वक रैली निकाली. हाथों में बैनर, सिर पर खेजड़ी वृक्ष के प्रतीक और स्लोगन लिखे स्टीकर की टोपी लगाकर चले. पर्यावरण प्रेमियों ने कहा कि ट्री प्रोटेक्शन एक्ट राजस्थान के नाम से कठोर कानून बनाकर खेजड़ी की कटाई पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए.

दूसरे सेशन की परीक्षा तिथि का ऐलान, दो अप्रैल से होगा बीटेक व बीई में दाखिले के लिए एग्जाम



24 न्यूज अपडेट

कोटाः नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम मेन (जेईई मेन 2025) के दूसरे सेशन में अप्रैल की परीक्षा की तारीख घोषित कर दी. बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (बीई) और बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी टेक) की परीक्षा पांच दिन में नौ शिफ्ट में होगी. इसमें 2, 3, 4 और 7 अप्रैल को परीक्षा दो शिफ्ट में सुबह और दोपहर में होगी. वहीं 8 अप्रैल को एक शिफ्ट दोपहर में परीक्षा होगी. दूसरी तरफ बैचलर ऑफ आर्किटेक्ट (बी. आर्क) और बैचलर का प्लानिंग (बी. प्लानिंग) की परीक्षा 9 अप्रैल को सुबह की शिफ्ट में होगी.

एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि सुबह की शिफ्ट में परीक्षा 9 से 12 व दोपहर की शिफ्ट दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी. बीआर्क व बी प्लैनिंग की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12:30 तक होगी. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी मार्च के तीसरे सप्ताह में एग्जाम सिटी इनफॉरमेशन स्लिप जारी करेगी. इसके बाद अंतिम सप्ताह में कैंडिडेट के एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे. इन एडमिट कार्ड को पहले की तरह जारी किया जाएगा.

रिकॉर्ड बनाएगी जेईई मेनः दूसरे सेशन की परीक्षा में जेईई-मेन जनवरी सेशन में 12 लाख 58 हजार कैंडिडेट्स ने एग्जाम दिया था. 2 लाख 60 हजार से अधिक नए यूनिक कैंडिडेट्स ने अब तक अप्रैल परीक्षा के लिए आवेदन किया है. ऐसे में 95 फीसदी उपस्थिति परीक्षा में रहती है. इसके अनुसार 2.45 लाख कैंडिडेट नए यूनिक अप्रैल सेशन में बैठ सकते हैं. इसके अनुसार दोनों सेशन के एग्जाम देने वाले यूनिक कैंडिडेट इस बार 15 लाख से ज्यादा रह सकते हैं, जो एक रिकॉर्ड होगा.

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षाः कपड़ों में छुपा रखे थे अंग्रेजी की पासबुक के पन्ने, जोधपुर में 12वीं का परीक्षार्थी पकड़ा

24 न्यूज अपडेट

अजमेरः राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और 12वीं की परीक्षा जारी है. इसमें इस बार अनुचित साधन के उपयोग का पहला मामला सामने आया. सोमवार को 12वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में जोधपुर में सालवा कला स्थित परीक्षा केंद्र में एक परीक्षार्थी को पकड़ा है. परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए साथ पासबुक के पन्ने लाया था. बोर्ड को कंट्रोल रूम के जरिये सूचना मिली है. बोर्ड परीक्षा में नकल, अनुचित साधन और डमी परीक्षार्थी की रोकथाम के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं. परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. उड़न दस्ते भी परीक्षा केंद्रों पर जांच कर रहे हैं. यही वजह है कि 6 मार्च से शुरू बोर्ड परीक्षा में सोमवार को अनुचित साधन का उपयोग करने का मामला सामने आया है.

बोर्ड सचिव कैलाशचंद्र शर्मा ने बताया कि जोधपुर जिले में सालवा कला में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 12वीं की अंग्रेजी की परीक्षा दे रहे परीक्षार्थी को पासबुक के पन्नों के साथ परीक्षक ने पकड़ा है. पासबुक के पन्ने परीक्षार्थी ने अपने कपड़ों में छुपा रखे थे. प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया कि पकड़ा गया परीक्षार्थी पासबुक के पन्ने साथ लाया था.

यह हो सकती है सजाः शर्मा ने बताया कि कंट्रोल रूम से मिली सूचना के आधार पर जोधपुर जिला परीक्षा संचालन समिति को प्रकरण बनाकर भेजने के निर्देश दिए हैं. प्रकरण की परीक्षा परिणाम समिति जांच करेगी, यदि प्रकरण गंभीर पाया जाता है तो परीक्षार्थी को आगामी परीक्षा के लिए डीबार किया जा सकता है. परीक्षार्थी की परीक्षा निरस्त की जा सकती है या अंग्रेजी की परीक्षा भी निरस्त की जा सकती है. इसके अलावा परीक्षार्थी का परिणाम रोका जा सकता है. बता दें कि बोर्ड की 10वीं और 12वीं तक की परीक्षा में 19.98 लाख परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं.

लूट व अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले 3 अभियुक्त गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 10 मार्च। दौसा जिले की बसवा थाना पुलिस ने रात के समय घर लौट रहे युवक का अपहरण व मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों अजय कुमार बैरवा पुत्र मुकेश कुमार उम्र 19 साल निवासी चांदेरा थाना कोलवा, राजेश गुर्जर पुत्र कैलाश चन्द उम्र 25 साल निवासी श्यालुता थाना टहला एवं सचिन मीना पुत्र गोरधन मीना उम्र 26 साल निवासी नाथलवाडा थाना टहला जिला अलवर को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक कार्य जब्त की है।

एसपी सागर राणा ने बताया कि घटना के संबंध में 24 फरवरी को हरभजन मीणा पुत्र राम प्रसाद निवासी गुल्लाना की झोपड़ी द्वारा थाना बसवा में एक रिपोर्ट देते हुए बताया कि कल रात 10 बजे वह गांव फुलेला से अपने घर जा रहा था। फुलेला हाईवे की पुलिया के पास कार सवार चार बदमाशों ने उसकी बाइक के आगे कार लगाकर रोक लिया।

बदमाशों ने उसकी बाइक छीन ली और अपनी कार में पटक लिया। कार में मारपीट कर जेब में रखे 14 हजार रुपए, दो आईफोन, दो एटीएम कार्ड, तीन क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड तथा अन्य कागजात लूट लिए। इसके बाद बदमाश 12.30-1.00 बजे के बीच मुझे गुल्लाना रेलवे स्टेशन के समीप डालकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया

घटना की गंभीरता को देखते हुए आईजी रेंज अजयपाल लाम्बा व एसपी राणा के निर्देशानुसार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूशरण राव व सीओ बादीकुई रोहिताश देवन्दा के सुपरविजन एवं थानाधिकारी बसवा सचिन कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी मदद से अपहरण एवं लूट के आरोपी अजय कुमार बैरवा, राजेश गुर्जर एवं सचिन मीणा को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कार जप्त कर ली गई है। आरोपियों से पुलिस की टीम गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना बसवा से एसएचओ सचिन कुमार शर्मा सहित एएसआई मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल मुकेश चंद, कांस्टेबल देशराज, प्रमोद, धारा सिंह, राजेंद्र एवं साइबर सेल से कांस्टेबल महेंद्र शामिल थे।

उदयपुर में थाना प्रताप नगर पुलिस की अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई, 1 किलो 126 ग्राम अवैध अफीम दूध के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, स्विफ्ट कार जब्त



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर जिले में थाना प्रताप नगर पुलिस की अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई कर 1 किलो 126 ग्राम अवैध अफीम दूध के साथ दो तस्कर सोहन लाल पुत्र गोपी लाल एवं देवी लाल पुत्र शंकर लाल निवासी नान्दोली खुर्द, वल्लभनगर जिला उदयपुर को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार जब्त की है।

एसपी योगेश गोयल के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ छगन राजपुरोहित के सुपरविजन में अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत एसएचओ राजेन्द्र सिंह चारण के नेतृत्व में टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहायता से अवैध मादक पदार्था की तस्करी करने वाले 2 तस्करों सोहन लाल व देवी लाल को गिरफ्तार कर 2 लाख रुपये कीमत का 1 किलो 126 ग्राम अवैध अफीम दूध बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों से अवैध अफीम दूध व उसके खरीद फरोख्त के संबंध में अनुसंधान जारी है।

गिरफ्तार आरोपी अवैध अफीम दूध खरीदकर पुलिस की नाकाबन्दी से बचने के लिये ग्रामीण क्षेत्र का रास्ता चुनते है। इस कार्रवाई में एसएचओ राजेंद्र सिंह चारण सहित एएसआई प्रेम कुमार, हेड कांस्टेबल अखिलेश्वर, विश्वेंद्र सिंह, कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, राजूराम, रामस्वरूप, सोहन, हंसराज, नागेंद्र सिंह, विशाल, कांस्टेबल चालक महावीर एवं साइबर सेल से कांस्टेबल लोकेश रायकवाल शामिल थे।

पुलिसिया अंदाज में पैर तुड़वाने के बाद अंतर-जिला लूट गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार, 17 वारदातों का खुलासा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतर-जिला लूट और नकबजन गैंग के दो सदस्यों प्रकाश मीणा पुत्र केसा (28) निवासी दोवड़ीसा सलूंबर एवं लख्मा उर्फ लक्ष्मण मीणा पुत्र पूनिया 25 निवासी बेडावल फला कावड़िया सलूंबर को गिरफ्तार किया है। यह गैंग कई समय से उदयपुर, राजसमंद, सलूम्बर और आसपास के जिलों में लूटपाट, नकबजनी, चोरी और अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्त थी। पुलिस की सूझबूझ और मुस्तैदी से इस गैंग के प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसपी योगेश गोयल के निर्देशानुसार बुजुर्गों को निशाना बनाकर हो रही लूट की वारदातों को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल के सुपरविजन व सीओ मनीष कुमार आईपीएस के नेतृत्व में थाना मावली व डबोक से 10 सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर चिन्हित आरोपियों की धरपकड के लिए लगातार एक सप्ताह तक बाहर कैंप कर मुखबीरों को एक्टिव किया।

घटना स्थलों के आसपास के करीब 200 सीसीटीवी फुटैज खंगालकर आसूचना संकलन एवं तकनीकी मदद से आरोपी प्रकाश मीणा व लख्मा उर्फ लक्ष्मण मीणा को गिरफ्तार किया। जिनसे गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में लूट व नकबजनी की 17 वारदातों का खुलासा हुआ है।

यह गैंग बुजुर्गों की नाक की नथ, कान की बालिया और गले का हार खींच के काट लेते थे। जिसमें जख्म के साथ शारीरिक दर्द और नुकसान होता था। बेल पर बाहर रहकर ये लूट को अंजाम दे रहे थे। पुलिस टीम जब इन्हें पकड़ने पहुंची तो इन्होंने पुलिस पर पत्थर मार पहाड़ी में भागने की कोशिश की, गिरने के दोनों के पैर में चोट आई, जिसका इलाज कराया गया।

तरीका वारदात - सुनसान रास्ता चुन मजदुरी या फेरी का काम करते हुए वारदात करने वाले स्थान को चिन्हित कर वृद्ध एवं अकेली महिलाओं को निशाना बना उनके पहले गहने चाकू दिखा डरा धमका कर खुलवा लेते या बल प्रयोग करते छिन कर ले जाते। अभियुक्त प्रकाश मीणा के विरूद्ध लूट, नकबजनी, अपहरण, मारपीट, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट सहित कई धाराओं में उदयपुर, सलूम्बर, राजसमंद में कुल 05 प्रकरण दर्ज हैं

इस कार्रवाई में सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, एसएचओ डबोक हुकम सिंह, एसएचओ मावली अशोक कुमार सहित वृत मावली ऑफिस से एएसआई शीशराम, थाना डबोक से एएसआई लक्ष्मण लाल, सुनीता, हेड कांस्टेबल जगदेव भाटी, कांस्टेबल हरिओम, दिनेश व हनुमाना राम शामिल थे।

केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान में "पुलिस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के मानकीकरण" पर आयोजित कार्यशाला सम्पन्न



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 10 मार्च 2025। अजमेर रोड पर दहमी कलां स्थित केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) जयपुर में सोमवार को "पुलिस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के मानकीकरण" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पाठ्यक्रम मे आधुनिकीकरण व समानीकरण करने व वैल्यू एडिशन से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर व्यापक विचार -विमर्श किया गया।

सीडीटीआई (बीपीआरएंडडी) जयपुर के निदेशक डॉ. अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि डीजी बीपीआरएंडडी राजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन मे आयोजित कार्यशाला को शीर्ष समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी श्री के. विजय कुमार ने संबोधित किया।

कार्यशाला में डीजीपी राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के साथ-साथ विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ डीजी और एडीजी, बीपीआरएंडडी के डीजी के साथ बीपीआरएंडडी तथा अन्य सीपीओ के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। जिन्होंने पुलिस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के मानकीकरण पर चर्चा कर पाठ्यक्रम मे आधुनिकीकरण व समानीकरण करने व वैल्यू एडिशन से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर व्यापक अकादमिक विचार -विमर्श किया गया।

कार्यशाला की जानकारी देते हुए निदेशक डॉ. कपूर ने बताया कि पुलिस ट्रेनिंग सबसे महत्वपूर्ण है और इससे निरंतर सुधार हो रहे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्रालय इस प्रशिक्षण को बेहतर करने पर विशेष बल देते हुए पुलिस के सभी स्तर पर ट्रेनिंग के आधुनिकीकरण और समानीकरण पर जोर दे रहा है।

इसके लिए बीपीआरएंडडी ने एक समिति गठित की, जिसके अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईपीएस श्री के. विजय कुमार है। समिति के अंतर्गत इंडोर, आउटडोर, इंफ्रास्ट्रक्चर और मैनपावर की सब कमिटी बनी है। कार्यशाला में तैयार पाठ्यक्रम को साझा कर फीडबैक ले रहे हैं। इन सभी के विचार लेकर गृह मंत्रालय को भेजेंगे और सभी राज्य उनको अपना सकेंगे और समान और आधुनिक तरीके से पुलिस ट्रेनिंग को आगे बढ़ा सकेंगे ।

भीलवाड़ाः परीक्षा केंद्र पर दो छात्राओं से छेड़छाड़, आरोपी शिक्षक हिरासत में



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. भीलवाड़ा। जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में 12वीं कक्षा की दो छात्राओं ने परीक्षा केंद्र पर चेकिंग के दौरान शिक्षक द्वारा छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और अभिभावकों ने स्कूल में हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी शिक्षक को हिरासत में ले लिया। शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से टीचर को एपीओ कर रायपुर सीबीओ ऑफिस भेज दिया। घटना का विवरण सोमवार को 12वीं कक्षा का इंग्लिश का पेपर था। पास के गांव से आईं दो छात्राएं परीक्षा देने स्कूल पहुंचीं। आरोप है कि एग्जाम से पहले चेकिंग के दौरान शिक्षक ने अनुचित हरकत की। परीक्षा खत्म होने के बाद छात्राओं ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीण और अन्य छात्र-छात्राएं स्कूल में जमा हो गए और शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों और परिजनों की प्रतिक्रिया छात्राओं के परिजनों ने कहा कि शिक्षक ने एडमिशन कार्ड और अन्य दस्तावेज चेक करने के बहाने छेड़छाड़ की। परिजनों ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। **पुलिस की कार्रवाई-** कोटड़ी थाना प्रभारी महावीर मीणा ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी शिक्षक को हिरासत में लिया गया है। छात्राओं के बयान दर्ज कर लिखित शिकायत ली गई है, और मामले की गहन जांच की जा रही है। शिक्षा विभाग की प्रतिक्रिया जिला शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा ने बताया कि शिक्षक के खिलाफ अनैतिक आचरण की शिकायत मिलने के बाद उसे तत्काल एपीओ कर रायपुर सीबीओ ऑफिस में भेज दिया गया है। घटना की जांच के लिए दो महिला और एक पुरुष शिक्षक की तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है, जो जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी। शिक्षा विभाग और पुलिस द्वारा जांच के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं ने आरोपी शिक्षक पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम यूजिंग वर्डप्रेस पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक विभाग डिपार्टमेंट ऑफ़ कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में "कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम यूजिंग वर्डप्रेस" पर एक दिवसीय नेशनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। माननीय कुलपति प्रोफेसर शिव सिंह सारंगदेवोत ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा की वर्तमान समय में बिना कोडिंग लिखे वर्डप्रेस, जुमला आदि ऐसे बहुत सारे टूल्स का उपयोग करके हम बहुत अच्छे तरीके से कंटेंट को मैनेज कर सकते है। साथ ही विधार्थियों को एआई, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग व थ्री डी प्रिंटिंग जैसे विषयो में कैसे भविष्य बना सकते है, इस हेतु उन्हें प्रेरित किया I संस्थान निदेशक प्रोफेसर मंजू मांडोत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया की उक्त वर्कशॉप में विभाग के विधार्थियों को बिना कोडिंग किये वेबसाइट बनाना सिखायाI संस्थान में अध्यनरत बीसीए, एमसीए, एमएससी, पीजीडीसीए के विधार्थियों ने काफी उत्साह से भाग लिया I कार्यशाला के मुख्य वक्ता कैरियर पॉइंट यूनिवर्सिटी, कोटा के डीन रिसर्च प्रो. आबिद हुसैन ने विधार्थियों प्रायोगिक ज्ञान देते हुए को बताया की वर्डप्रेस ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन है जिसकी सहायता से हम अपनी वेबसाइट का आसानी से निर्माण, पब्लिश तथा मैनेज कर सकते है I इससे आप अपने पर्सनल ब्लॉग, बिज़नेस वेबसाइट बना सकते है तथा न्यूज़ को पब्लिश कर सकते है, इसके अतिरिक्त वर्डप्रेस के दैनिक जीवन में और भी विभिन्न उपयोगो की उपयोगी जानकारी प्रदान की I डॉ भारत सिंह देवड़ा ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया, संचालन डॉ प्रदीप सिंह शक्तावत ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनीष श्रीमाली ने दियाI उक्त कार्यक्रम में, डॉ गौरव गर्ग, डॉ भरत सुखवाल, डॉ दिलीप चौधरी, डॉ. अरुण वैष्णव, डॉ रीना मेनारिया, श्री दुर्गाशंकर, श्री मुकेश नाथ, श्री त्रिभुवन सिंह बमनिया, श्री मनोज यादव, रोशन गर्ग, युवराज सिंह उपस्थित थेI

366 अपराधी गिरफ्तार, 62 पुलिस टीमों ने 287 ठिकानों पर दी दबिश



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। आगामी होली पर्व को देखते हुए एसपी मोनिका सैन के निर्देशन में एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया, जिसमें जिलेभर में वांछित और आदतन अपराधियों की धरपकड़ की गई। इस विशेष अभियान के तहत 16 थानों की 62 पुलिस टीमों ने 287 स्थानों पर दबिश देकर कुल 366 अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस की सख्त कार्रवाई एएसपी अशोक मीणा ने बताया कि त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा सख्त निगरानी रखी जा रही है। पूर्व में दर्ज मामलों के अपराधियों और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए यह अभियान चलाया गया। थाना वार गिरफ्तारीः
चौरासी – 21, राम-सागड़ा – 11, दोवड़ा – 44, धंबोला – 20, कोतवाली – 32 निठाउवा – 13, कुआ – 15, सदर – 18, बिछीवाड़ा – 20, सागवाड़ा – 42 आसपुर – 7, वरदा – 16, चितरी – 25, साबला – 14, ओबरी – 21, सरोदा – 17

फाग उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा। गुर्जर गोड ब्राह्मण महिला मंडल निंबाहेड़ा के तत्वाधान में महिला मंडल द्वारा आदर्श कॉलोनी स्थित महर्षि गौतम आश्रम संस्थान मे फाग उत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम संयोजक आरती शर्मा ने बताया कि समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर ईस उत्सव में हिस्सा लिया। श्री कृष्ण और श्री राधा रानी बन सेजल एवम नमीता ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। महर्षि गौतम आश्रम संस्थान महिला मण्डल की सभी महिलाओं ने कान्हा जी के भजनों का खूब आनंद लिया। समापन पर मंडल अध्यक्ष लीला देवी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने आगामी 29- 30 मार्च को महर्षि गौतम जयंती के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की एवं सभी महिलाओं से आगामी कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर संरक्षक फूला देवी शर्मा ,प्रेम देवी शर्मा किरण शर्मा,उपाध्यक्ष प्रमिला शर्मा ,रेखा शर्मा संगठन मंत्री गायत्री शर्मा एवम सम्स्त महीला मंडल उपास्थित रहे । अन्त मे कोषाध्यक्ष निर्मला शर्मा ने सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

सांसद डॉ मन्नालाल रावत दिल्ली में सांसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब के स्पीकर हॉल में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत को सांसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एआईएम्स परिवार, लातूर, महाराष्ट्र एवं सभ्यता अध्ययन केन्द्र, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एआईएम्स आइडल सम्मान समारोह एवं रक्तरंजित बांग्लादेश (मजहब, सत्ता और संघर्ष की कहानी) पुस्तक के लोकार्पण कार्यक्रम में डॉ रावत को यह सम्मान प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ सत्यपालसिंह, पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार व कुलाधिपति गुरुकुल कांगडी ने अध्यक्षता की जबकि एयरवाइस मार्शल व पूर्व सैनिक सेवा परिषद के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एचपी सिंह मुख्य वक्ता थे। आयुष्मान भारत मिशन समिति, महाराष्ट्र शासन के प्रमुख डॉ ओमप्रकाश शेटे, जहीराबाद, तेलंगाना के पूर्व सांसद बीबी पटेल विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इसके साथ ही श्री रविशंकर, संपादक गंगानचल निदेशक सभ्यता अध्ययन केंद्र, गुरु प्रसाद हुंडेकर लेखक, श्री कन्हैयालाल, श्री प्रताप राव मुले, श्री शरण पाटील, श्री संजय सालुंखे, एडवोकेट पंडित राठौड सहित कई विशेष गणमान्यजनों की उपस्थिति में यह सांसद डॉ रावत को सांसद रत्न से सम्मानित किया गया।

स्कूली बच्चों और ग्रामीणों संग मनाया जन्मदिन, होली मिलन का भी चढा रंग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नीम फाउंडेशन की फाउंडर रोशनी बारोट ने अपना जन्मदिन ग्रामीण इलाके में स्कूली बच्चों और आदिवासी परिवारों के साथ मनाया। पिछले वर्ष भी रोशनी ने अपने जन्मदिन को इसी तरह मनाया था और एक बार फिर रोशनी ने अपने जन्मदिन की खुशी को जरूरतमंद बच्चों के साथ बांटकर उसे और बढ़ाते हुए ग्राम पंचायत पाई के नाला फलां गांव में सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ इसे मनाया। जन्मदिन के साथ ही होली का भी अवसर होने से इसे होली मिलन के रूप में मनाते हुए बच्चो एवं ग्रामीणों के साथ रंग - गुलाल खेलकर प्रसादी भी की गई। रोशनी ने सभी बच्चों के साथ मिलकर अपने जन्मदिन का केक काटा और बच्चों को खिलाकर सेलिब्रेट किया। इसके साथ ही करीब 500 लोगों के लिए दाल, बाटी ,चूरमा की प्रसादी भी की गई। रोशनी ने बताया कि वो ना सिर्फ अपने जन्मदिन को जरूरतमंदों के साथ मानती है बल्कि रोशनी की कोशिश रहती है कि अपने परिवार एवं मित्रों के जन्मदिन भी जरूरतमंदों के साथ मनाये।

शंभूपुरा में होली चातुर्मास के लिए सन्तों का मंगल प्रवेश, समाजजनों ने की अगवानी



24 न्यूज अपडेट

ओम जैन । शंभूपुरा में होली चातुर्मास के लिए सोमवार सुबह सन्तो का मंगल प्रवेश हुआ।

समाज अध्यक्ष शंकरलाल बड़ाला ने बताया कि होली चातुर्मास के लिए श्रमण संघीय बहुश्रुत प्रवर्तक श्री विजयमुनि जी, श्री चन्द्रेशमुनि जी, मेवाड़ गौरव श्री रविन्द्रमुनि जी और सरलमना श्री जितेंद्रमुनि जी आदि ठाणा 4 का सोमवार सुबह 8:15 बजे मंगल प्रवेश हुआ।

संघ मंत्री बाबूलाल डांगी ने बताया कि सन्तो कि अगवानी में बड़ी संख्या में समाज के युवा एव श्रावक श्राविकाएं शामिल हुए ओर हर्षोल्लास के साथ अगवानी करवाई।

मंत्री डांगी ने बताया कि रोज सुबह 9 बजे से प्रवचन होंगे एव दोपहर 2 से 3 बजे नवकार मंत्र के जाप होंगे।

श्री चमत्कारी सांवरिया सेठ मन्दिर पर धूमधाम से मनाया फागोत्सव



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़ स्थित चमत्कारी सांवरिया सेठ मंदिर मंडल व्यवस्थापक आशीष उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी फागोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ढाई क्विंटल पुष्पों एवं गुलाल से होली खेली गई। श्री चमत्कारी सांवरिया सेठ का विशेष श्रृंगार पंडित कपिल शर्मा व सांवरिया शर्मा द्वारा किया गया।

इसके उपरांत भजन प्रवाहिका दीपा दाधीच भीलवाड़ा, भजन प्रवाहक रूद्रेश्वर जोशी एवं अभिषेक बांगड द्वारा मनभावन भजनों द्वारा प्रभु को रिझाया गया।

महिला मंडल में हैमलता भट्ट, पिंकी धनगर, अवनि, प्रिया उपाध्याय,पुष्पा पूरोहित, सूनीता मौड़, सूनीता जोशी, सोनु सूखवाल, यशोदा सूखवाल द्वारा कार्यक्रम में सेवाएं दी गई।

अध्यक्ष सत्येंद्र मोड़, नरेंद्र टांक, धर्मप्रकाश गदीया, मिट्ठू लाल चौधरी,हरीश भटनागर, पंकज मोड़, बाबू धाकड़, पन्नालाल ब्रह्मभट्ट, सत्यप्रकाश शर्मा, सत्यनारायण वैष्णव, सत्यनारायण खंडेलवाल, जगदीश समदानी,पार्षद दीपक शर्मा, विशाल गर्ग, ऐडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, शैलेंद्र झवर, भरत जागेटिया, नवीन पटवारी, वैभव गर्ग, धर्मेंद्र दाधीच, बब्लेश शर्मा सुनील साहू, सुनील शर्मा, गोविंद साहू,हितेश चौधरी, देवीलाल साहु, दिनेश साहू, हिम्मत सिंह द्वारा सेवाएं दी गई।

मेवाड़ प्रताप दल के अस्थि विसर्जन के बैनर का विमोचन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर I मेवाड़ प्रताप दल सेवा संस्थान के द्वारा 10 अप्रैल को लावारिस, असहाय परिवारजनों की अस्थियों को हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेंगे I इसके लिए बैनर का विमोचन पेसिफिक हॉस्पिटल परिसर में किया गया I यह जानकारी संस्थान के जिला सचिव राकेश पालीवाल ने देते हुए बताया कि इस विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राहुल अग्रवाल निदेशक पेसिफिक, अध्यक्षता संस्थान के संस्थापक लाला सालवी, विशिष्ठ अतिथि ओंकार जोशी ने की I इस बैनर विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राहुल अग्रवाल ने लावारिस एवं असहाय परिवारों की अस्थियों को हरिद्वार ले जाकर हिन्दू रीति रिवाज से पूजा करा विसर्जन करने के काम को हिंदू धर्म का अंतिम संस्कार बताया एवं संस्थान के द्वारा विगत 25 वर्षों से निरंतर कार्य करने पर धन्यवाद दिया I इसमें अध्यक्षता कर रहे लाला सालवी ने जो परिवारजन अपने परिवार सदस्य की अस्थि विसर्जन के लिए चलना चाहते हैं वो मेवाड़ दल के सदस्यों से संपर्क करके हरिद्वार चल सकेंगे I इस कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष मंजू गहलोत, कविता, रानी भाटिया, हेमलता, प्रियंका, सुरेश कोटिया, बलवंत सालवी,खुशलेंद्र कुमावत, सुरेन्द्र सोनी, नरेंद्र सालवी, राजकुमार माली, हरिओम सेन, सतीश , सुनील अहीर, मुन्ना भाई, राकेश खत्री , घनश्याम आदि शामिल थे I

परिवहन विभाग ने भार वाहनों का टैक्स जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की

24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा। राज्य सरकार ने भार वाहनों (जैसे ट्रक, ट्रेलर, डम्पर आदि) के अग्रिम कर जमा करने की अंतिम तिथि 15 मार्च, 2025 निर्धारित की है।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी डीएस गुप्ता ने बताया कि ने वाहन स्वामियों को सूचित किया है कि वे अपने वाहनों का टैक्स 15 मार्च से पहले ऑनलाइन जमा कराकर भारी जुर्माना और जब्ती से बच सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि निर्धारित तिथि के बाद टैक्स जमा कराने पर 3 प्रतिशत ब्याज और 10 हजार रुपये जुर्माना वसूला जाएगा। इसके साथ ही पुराने वाहनों के पंजीयन प्रमाणपत्र की निरस्तीकरण और खान विभाग के ओवरलोड चालानों पर 95 प्रतिशत की अधिकतम छूट के लिए एमनेस्टी योजना-2025 की शुरुआत की गई है, जो 31 मार्च, 2025 तक वैध रहेगी। इसलिए किसी भी प्रकार की पेनल्टी से बचने के लिए वाहन स्वामियों को 15 मार्च, 2025 तक टैक्स जमा कराना सुनिश्चित करना चाहिए। यदि टैक्स जमा करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़े, तो वाहन स्वामी परिवहन कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। अगर टैक्स जमा नहीं किया गया, तो परिवहन विभाग वाहन स्वामियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए वाहन जब्ती की कार्यवाही करेगा।

जिले में CELC आधार ऑपरेटर ऑनबोर्डिंग हेतु आवेदन आमंत्रित

24 न्यूज अपडेट

जिला स्तरीय आधार नामांकन समिति कि अध्यक्ष एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती प्रभा गौतम ने बताया कि जिला चित्तौड़गढ़ में 269 स्थानों (10 स्थान शहरी क्षेत्र व 259 स्थान ग्रामीण क्षेत्र हेतु) पर CELC आधार नामांकन / अद्यतन केन्द्र स्थापित किये जाने है। इन केन्द्रों पर आधार नामांकन एवं अद्यतन का कार्य करने हेतु रजिस्ट्रार सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के अधीन प्रत्येक चिन्हित केन्द्र पर एक ऑपरेटर को यूआईडीएआई, नई दिल्ली से आधार कार्य हेतु आईडी / क्रिडेंशियल जारी करवायी जायेगी। आधार केंद्र के लिए चयनित होने के उपरान्त आवेदको को 50 हजार रूपये की पेनल्टी सिक्योरिटी राशि एवं 15 हजार रूपये की किट सिक्योरिटी राशि कुल 65 हजार रूपये राजकॉम्प के खाते में जमा कराने होगें। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग कि प्रोग्रामर एवं जिला स्तरीय आधार नामांकन समिति कि सदस्य श्रीमती रेखा बुकण ने जिले के नागरिको से अपिल कि है जो भी पात्र व्यक्ति नामांकन ऑपरेटर के रूप में निर्बधनों की शर्तों के अनुसार कार्य करने का इच्छुक है, वह स्वयं की SSO ID से G2C में RAJAADHAAR PORTAL के माध्यम से दिंनाक 17,03,2025 से 27,03,2025 तक आवेदन कर सकते है। आवेदनकर्ता समस्त दस्तावेज स्वयं सत्यापित करके ही अपलोड करें। आवेदन में मोबाईल नम्बर वही लिखे जो आवेदनकर्ता के ई-आधार में अंकित हों। चिन्हित परिसरों व अधिक जानकारी के लिए सूचना State aadhaar Portal https://aadhaar.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।